मेहनतकशों का पैग़ाम मेहनतकशों के नाम

मज़दूर मोर्चा

साप्ताहिक

Email : mazdoormorcha365@gmail.com
www.mazdoormorcha.com

Postal Reg. No. L-2/FBD/463/2020-22 /R.N.I. No. 66400/97

बनी हुई सड़कों को बनाएगा एफएमडीए	3
रिश्वत के लिए बदनाम अफसर की जांच शुरू	4
प्रचार वाहनों की कमाई ठेकेदारों की जेब में	5
रंजन गोगोई के फ़ैसले और पेगासस जासूसी	6
बुढ़िया नाले पर भी दबंगों का कब्जा	8

वर्ष 34 | अंक 37 | फरीदाबाद | 25-31 जुलाई 2021 | फोन-8851091460 | 3.00 ₹

फरीदाबाद भाजपा दफ्तर किस-किस के पैसे से बनेगा... आपके, अफसरों के, ब्लैकमनी से ?

सेक्टर 15 में जिला भाजपा कार्यालय का शिलान्यास सीएम ने 17 जुलाई को किया

मजदूर मोर्चा ब्यूरो

फरीदाबाद: मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 17 जुलाई को सेक्टर 15 में एपीजे स्कूल के पीछे हूडा की बेशकीमती जमीन पर जिला भाजपा दफ्तर का शिलान्यास किया। इस मौके पर नींव खोदी गई और भूमि पूजन हुआ। सारे नियम तोड़कर भाजपा को यह प्लॉट आवंटित किया गया है। मजदूर मोर्चा ने सबसे पहले 12 दिसम्बर 2020 को भाजपा के जिला कार्यालय के लिए जमीन की तलाश की खबर को ब्रेक किया था। इसके बाद एक महीने के अंदर यह प्लॉट उसे आनन-फानन में आवंटित भी कर दिया गया। यह खबर भी सबसे पहले मजदूर मोर्चा ने 24 जनवरी 2021 को प्रकाशित की थी। उसी प्लॉट पर खट्टर शिलान्यास करने आए थे।

कितना पैसा लगेगा

हूडा ने भाजपा को सेक्टर 15 में प्राइम लोकेशन पर 851.04 वर्गमीटर जमीन पर दफ्तर बनाने के लिए जमीन आवंटित की है। इसका रिजर्व दाम 31500 रुपये प्रति वर्गमीटर था। शिलान्यास के लिए इसकी जो खुदाई की गई है, उसके मुताबिक इस दफ्तर में बेसमेंट होगा। तीन मंजिला इस भवन के बनाने पर भाजपा कम से कम चार करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। इसमें अत्याधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल, मीडिया सेंटर, कैंटीन, विभिन्न प्रकोष्ठों के दफ्तर आदि होंगे। इस दफ्तर के लिए पैसा जुटाने की जिम्मेदारी मुख्यरूप से विधायक नरेन्द्र

सेक्टर-15 में जिला भाजपा कार्यालय का शिलान्यास करते सीएम खट्टर।

गुप्ता को सौंपी गई है। लेकिन अन्य विधायकों से सहयोग करने को कहा गया है। हालांकि अन्य जिलों में बन रहे भाजपा दफ्तरों, आरएसएस के दफ्तरों को प्राइवेट सेक्टर की किसी न किसी कंपनी ने बनाकर दिया है। रोहतक के भाजपा दफ्तर को भी प्राइवेट कंपनी ने अपनी जेब से पैसा लगाकर बनाया है। लेकिन फरीदाबाद में भाजपा विधायकों की खुद की आर्थिक स्थिति ठीक होने से यहां किसी एक कंपनी को नहीं पकड़ा गया है। हालांकि निजी क्षेत्र की बड़ी कंपनी लार्सन ट्रूबो के पास हरियाणा में कई काम हैं इसलिए वह भी कई जिलों में भाजपा दफ्तर बनाकर देने को तैयार थी।

विपुल गोयल की मदद नहीं

फरीदाबाद से भाजपा विधायक नरेन्द्र गुप्ता खुद फैक्ट्री मालिक हैं। उन्हें रीयल एस्टेट कारोबारी विपुल गोयल का टिकट काटकर केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गूजर के कहने पर भाजपा टिकट मिला था। 2019 के चुनाव में इस टिकट को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं थीं। इससे पहले 2014 में विपुल गोयल को मिले टिकट को लेकर भी तमाम चर्चाएं थीं और वो टिकट भी गूजर ने दिलाया था। दोनों टिकटों के फेर में गूजर को काफी बदनामी मिली लेकिन भाजपा और आरएसएस इससे मालामाल हो गए।

अब किसी भी कार्यक्रम में आर्थिक बोझ नरेन्द्र गुप्ता पर डाला जाता है, पहले यही काम विपुल गोयल से लिया जाता था। हालांकि पार्टी ने उन्हें सेक्टर 15 वाले कार्यक्रम में 17 जुलाई को निमंत्रित किया था। लेकिन सूत्रों का कहना है कि अभी उनसे इस दफ्तर के लिए आर्थिक मदद नहीं मांगी गई है। समझा जाता है कि गूजर उनको किसी भी रूप में इस दफ्तर से नहीं जोड़ना चाहते। हालांकि सेक्टर 16 के सिटी सेंटर में सागर सिनेमा को खरीदने के बाद उन्होंने पार्टी को दफ्तर बनाने के लिए पेशकश की थी। लेकिन बाद में जब गूजर से उनकी अनबन हो गई तो गूजर ने वहां पार्टी का जिला कार्यालय बनने नहीं दिया। अब सागर सिनेमा में विपुल गोयल का अपना खुद का जनसंपर्क कार्यालय चलता है।

जनता और भ्रष्ट अफसरों से भी लेंगे चंदा

भाजपा सूत्रों का कहना है कि आरोपों से बचने के लिए जिला भाजपा अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं से दफ्तर बनाने के लिए चंदा मांगेगी। जनता से चंदा वसूली के लिए कार्यकर्ताओं को चंदे की रसीद बुक भी दी जा सकती है। सरकारी विभागों के भ्रष्ट अफसरों की सेवाएं भी इस काम के लिए लेने से इन्कार नहीं किया जा सकता। इसी तरह कुछ पैसा प्रदेश भाजपा और केंद्रीय भाजपा दफ्तरों से भी मिलेगा। पिछले दिनों हरियाणा के प्रभारी विनोद तावड़े ने फरीदाबाद का दौरा कर इस संबंध में तमाम निर्देश दिए थे। महाराष्ट्र के रहने वाले विनोद तावड़े को नवम्बर 2020 में हरियाणा की जिम्मेदारी मिली थी। उसके बाद से हरियाणा भाजपा के तमाम प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो गया है। 17 जुलाई को फरीदाबाद आने से पहले मुख्यमंत्री खट्टर ने दिल्ली में पहले अमित शाह और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। उन्होंने दोनों से मंत्रिमंडल विस्तार और फरीदाबाद में बनने वाले भाजपा दफ्तर को लेकर बात की थी।

सेक्टर 78 में भी मिला था प्लॉट

2019 में दोबारा सत्ता हथियाने के बाद भाजपा ने हर जिले में अपना दफ्तर बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी थी। फरीदाबाद में सबसे पहले नहरपार सेक्टर 78 में भाजपा को हुडा ने चुपचाप प्लॉट आवंटित किया था, जिसकी मद में शुरुआती 28 लाख रुपये भाजपा ने जमा भी करा दिए। लेकिन बाद में स्थानीय वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने कहा कि जिला कार्यालय जब तक मुख्य फरीदाबाद में नहीं होगा, तब तक पार्टी अपनी गतिविधियों को ठीक से नहीं चला पाएगी। इसलिए पार्टी का दफ्तर सेक्टर 12 में तमाम सरकारी दफ्तरों के पास ही

शेष पेज दो पर

फरीदाबाद पुलिस ने सोशल मीडिया पर बैंक गार्ड की तौहीन की, लोगों ने पुलिस का मजाक उड़ाया

मजदूर मोर्चा ब्यूरो

फरीदाबाद: सोशल मीडिया की वजह से फरीदाबाद पुलिस अब आये दिन दिन मजाक का पात्र बन रही है। जब से फरीदाबाद की जनता को यह मालूम हुआ कि फरीदाबाद पुलिस का ट्विटर अकाउंट कोई बड़ा अफसर संभालता है, उसके बाद से उसकी ट्रोलिंग और बढ़ गई है। ताजा घटना ये हुई है कि इसी 21 जुलाई को इंडस बैंक के किसी एटीएम पर खड़े गार्ड की फोटो डालकर फरीदाबाद पुलिस के ट्विटर हैंडल से बहुत ही आपत्तिजनक ट्वीट किया गया। उसमें उस गार्ड के मोटापे का मजाक उड़ाया गया है।

उस ट्वीट में लिखा गया था - IndusBank को चाहिए सारा #पैसा मॉडल पर ही ना उड़ा दे। कुछ चौकीदार पर भी लगाए। कोई बंदूक तान दे तो ये #भाई क्या कर लेगा। #पापीट्वपेट।

सबसे पहले पाठक इसमें आये दो खास हैशटैग भाई और पापी पेट पर गौर करें। हैशटैग इसलिए लगाया जाता है कि अगर कोई उस की वर्ड को खोज रहा है तो उसे ये ट्वीट भी पढ़ने को मिल जाएगी। यहां पर भाई शब्द को जानबूझकर हैशटैग बनाया गया है तो दूसरी तरह पापी पेट भी हैशटैग है।

अगर फरीदाबाद पुलिस यह मानती है कि मोटा होने के बावजूद पापी पेट के लिए इंडस बैंक का वो गार्ड ड्यूटी दे रहा है तो पुलिस को उल्टा उससे सहानुभूति होना चाहिए थी।

इस ट्रोलिंग पर शर्म करो

लोगों ने इस ट्वीट पर फरीदाबाद पुलिस को घेर लिया। हैदराबादी चिचा ने जवाब में लिखा - बस कर भाई...ज्ञान तो ऐसे दे रहा है जैसे तुम्हारे पुलिस डिपार्टमेंट में सारे एब्स (मांसपेशी) वाले बैठे हैं। तुम्हारे जैसा फ्री का पैसा नहीं मिलता उसको...मेहनत करके कमा रहा है। यह पाखंड बंद करो। अब सुनिए क्या हुआ। उसके बाद ये हुआ कि इस बेचारे को फरीदाबाद पुलिस ने ब्लॉक कर दिया। ऐसा फरीदाबाद पुलिस के साथ अक्सर हो रहा है। अगर कोई तीखी टिप्पणी करता है तो फरीदाबाद पुलिस उसे ब्लॉक कर देती है। ट्विटर आंकड़ों के मुताबिक अब तक फरीदाबाद पुलिस हजारों लोगों को उसकी आलोचना के बाद ब्लॉक कर चुकी है। हैदराबादी चिचा ने जब ट्विटर पर सूचित किया कि उन्हें फरीदाबाद पुलिस ने ब्लॉक कर दिया है तो नवोदित भारत ने भी स्क्रीन शॉट शेयर करते हुए लिखा कि उन्हें भी ब्लॉक कर दिया गया।

शेष पेज दो पर

सीएम से कम नहीं हैं अपना 'मूला'

मंत्री मूलचंद शर्मा 18 जुलाई को अपने पैतृक गांव सदपुरा में उसी अंदाज में नजर आए, जिस तरह 17 जुलाई को सीएम मनोहर लाल ने फरीदाबाद में भाजपा दफ्तर की आधारशिला रखी और भूमि पूजन किया। उसी अंदाज में उस जमीन पर खुदाई की गई। मूलचंद ने सीएम के अंदाज में ही वहां पूजा की। गांव में उनको लोग प्यार से 'मूला' कहते हैं। आप मजदूर मोर्चा के इसी अंक में भाजपा दफ्तर के शिलान्यास कार्यक्रम की तुलना इस फोटो से कर सकते हैं। सदपुरा में प्राचीन मंदिर के परिसर में मूलचंद एक सामुदायिक सत्संग भवन बनवाने जा रहे हैं। हालांकि जिस ग्राम विकास एवं स्वराज समिति ने इस कार्यक्रम को आयोजित किया था, उसने मौके पर मंदिर के भवन निर्माण का बैनर लगा रखा था। लेकिन चूंकि सरकारी पैसे से इसे बनना है तो मूलचंद इसे सामुदायिक सत्संग भवन बता रहे हैं और सदपुरा में प्रचार है कि मूलचंद पुराने मंदिर का भवन बनवा रहे हैं।